मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 114 ■ बुधवार, 17 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में 6 आरोपी अरेस्ट

- 2 आरोपी 18 जुलाई तक पुलिस रिमांड में
- 4 नाबालिग बाल सुधार गृह में भेजे गए
- राजकीय नेतागण पुलिस थाने पहुंचे, पूछताछ की

यूसुफ शेख






**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में एक ही दिन में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है. शहर पूर्व निवासी 18 वर्षीय युवती और एक 11 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ गैंग रेप होने की खबर से पूरा शहर दहल गया. शहर में ये खबर तेजी से फैली कि 11 वर्षीय अल्पवयीन का एक ही दिन में दो स्थानों, एक विमको नाका शूटिंग रेंज के पास और उसी नाबालिग लड़की का दूसरा बलात्कार बुवापाड़ा खड़ी मशीन के पास 6-7 युवकों ने बलात्कार किया है. पुलिस ने जांच के बाद 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है. ऐसी जानकारी पत्रकारों को वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर ने मंगलवार को पत्रकारों को दी है. वहीं क्राइम निरीक्षक शिंदे से मिली जानकारी के अनुसार 6 में से 2 आरोपी बालिग हैं और इन्हें अदालत में पेश करने के बाद 18 जुलाई तक रिमांड में लिया गया है. नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है.

अल्पवयीन लड़की को न्याय मिले और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले इसके लिए मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी, राकांपा अध्यक्ष सदाशिव पाटिल, धनंजय सुर्वे, सचिन पाटिल, राकांपा महिला अध्यक्षा पूनम शेलार, अरबाज कुरैशी आदि ने कलसकर से मुलाकात करके आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की. बाद में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कलसकर ने पत्रकारों को बताया कि नाबालिग लड़की अपनी दादी के साथ खड़वली से अंबरनाथ आई थी. वह रास्ते में गुम हो गई. लड़की के पिता ने उसके गुम होने की बात पुलिस को बताी. पुलिस लड़की को तलाश रही थी कि लड़की मिल गई.

उसने बताया कि रिक्शा में बैठे 2 अज्ञात लोगों ने उसे शूटिंग रेंज के पास ले जाकर बलात्कार किया. लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने पर मालूम पड़ा कि एक 13 वर्षीय लड़की उसे खड़ी मशीन के पास ले गई. वहां पर खड़ी रिक्शा में एक ने उसके साथ दुष्कर्म किया. शेष चार लड़कों ने उसकी सहायता की. इसलिए चारों लड़कों एवं लड़की को भी आरोपी बनाया गया है. कलसकर ने बताया कि दो स्थानों पर नहीं केवल एक स्थान पर एक लड़के ने नाबालिग के साथ बलात्कार किया है.

# डोंबिवली के 3 श्रद्धालुओं की बस-ट्रैक्टर भिड़ंत में मौत

- मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा
- 20 फीट गहरी खाई में गिरी बस
- 5 की मौत, 46 घायल, 7 वारकरियों की हालत गंभीर
- दर्शन के लिए पढ़रपुर जा रहे थे श्रद्धालु







उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिसमें तीन श्रद्धालु डोंबिवली के रहने वाले थे। यह श्रद्धालु पंढरपुर की यात्रा पर निकले थे, लेकिन सोमवार देर रात मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर हादसा हो गया और पांच यात्रियों की मौत हो गई।

मृतकों में डोंबिवली के घेसरगांव की रहने वाली 70 वर्षीय हौसाबाई पाटील, नेवाली गांव के रहने वाले 65 वर्षीय रामदास नारायण मुकादम और नारिवली गांव के रहने वाले 70 वर्षीय गुरुनाथ महाराज पाटील का नाम शामिल है। वहीं हादसे में घायल हुए अन्य सभी श्रद्धालुओं को उपचार के लिए नवीमुंबई के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई श्रद्धालुओं की हालत नाजुक बताई जा रही है।

डोंबिवली के घेसरगांव परिसर से वारकरी भक्त MH-02-FG-9966 इस निजी बस से 15 जुलाई रात को दर्शन करने के लिए पंढरपुर के लिए रवाना हुए अचानक आधी रात को मुंबई- पूना हायवे सड़क पर कलंबोली के करीब बस और ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत में 54 वारकरी में 3 और ट्रैक्टर पर सवार 2 लोगों की जगह पर ही मृत्यु हो गई। 46 वारकरी बुरी तरह से जख्मी हो गये। दुर्घटना में जख्मी हुए लोगों को कलंबोली स्थित एमजीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है।जिसमें 7 वारकरी बुरी तरह से जख्मी है उनका उपचार आईसीयु में चल रहा है।इस दुर्घटना में ग्रसित सभी वारकरी भक्तों का उपचार का खर्च सरकार वहन करेगी यह बात मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा और अच्छे तरीके से उपचार के लिए निर्देश दिया।

## दुर्घटना में घायल वारकरी भक्तों का उपचार होगा मुफ्त -मुख्यमंत्री शिंदे



डोंबिवली से घेसरगाव से पंढरपूर निजी बस से वारकरी भक्त मुंबई-पूना हायवे सड़क पर भीषण दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी लोगों को कलंबोली स्थित महात्मा गांधी मिशन अस्पताल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुलाकात किया।इस दुर्घटना में मृतक वारकरी के परिवार को 5 लाख रुपये की मदद देने के लिए कहा। दुर्घटना में जख्मी वारकरी भक्तों के तबियत की

## दो हाइड्रा की मदद से बाहर निकाली बस



पुलिस के मुताबिक, खाई में गिरी बस को दो हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद बस की तलाशी ली गई लेकिन कोई भी घायल या मृत नहीं मिला। हादसे के कारण मुंबई-पुणे हाईवे पर करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

# उल्हासनगर मनपा की बकायेदारों के लिए अभय योजना

- विलंब शुल्क माफ किया जाएगा

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने संपत्ति और जल कर बकायादारों को राहत देने के लिए 22 से 26 जुलाई तक अभय योजना की घोषणा की। अभय योजना के तहत संपत्ति एवं जल कर पर 100 प्रतिशत विलंब शुल्क माफ किया जाएगा और आयुक्त ने नागरिकों से इसका लाभ उठाने की अपील की है.


उल्हासनगर में कुल 1 लाख 83 हजार 138 कर योग्य संपत्तियां हैं और इन पर 936 करोड़ 99 लाख 92 हजार 498 रुपये का बकाया है। मनपा 936 करोड़ की बकाया राशि की वसूली के लिए कमर कस रहा है और पिछले सप्ताह उसने 14 बकाया संपत्ति मालिकों को नोटिस जारी कर संपत्ति जब्त करने की चेतावनी दी थी. इस बीच, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने संपत्ति कर विभाग को बकाया संपत्ति मालिकों को राहत देने के लिए अभय योजना लागू करने की मांग की है। आखिरकार कमिश्नर अजीज शेख ने 22 से 26 जुलाई के बीच अभय योजना की घोषणा की. अभय योजना के कारण, संपत्ति और जल पट्टे के कुल कर पर 100% विलंब शुल्क माफ किया जाएगा। मनपा की ओर से आयुक्त ने नागरिकों से अभय योजना का लाभ उठाने की अपील की.




## मनपा आयुक्त ने की लाभ उठाने की अपील

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने पिछले साल दो बार अभय योजना लागू की, जिसके परिणामस्वरूप 140 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड संपत्ति कर संग्रह हुआ। बताया जा रहा है कि कमिश्नर ने पिछले साल का कोटा खत्म करने के लिए अभय योजना लागू की है। परोक्ष रूप से अधिकारी प्रतिक्रिया दे रहे हैं कि मनपा ने इस वर्ष 150 करोड़ की वसूली का लक्ष्य रखा है. आयुक्त अजीज शेख और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने नागरिकों से अभय योजना का लाभ उठाने और संपत्ति कर बिल का भुगतान करके शहर के विकास में योगदान देने की अपील की है. अभय योजना के बाद कमिश्नर ने बकाया संपत्तियों की सूची बनाकर कार्रवाई के संकेत दिए। 27 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कर बकाया संपत्ति मालिक संपत्ति कर का भुगतान कर लाभ उठा सकते हैं।

# मनपा आयुक्त ने सड़क के गड्ढों का किया निरीक्षण




- मनपा अधिकारियों पर गिरी गाज

**उल्हासनगर.** शहर में गड्ढा निरीक्षण के बाद आयुक्त अजीज शेख ने गड्ढे को लेकर नाराजगी व्यक्त की है. कमिश्नर द्वारा स्थायी समिति कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों और ठेकेदारों को जवाबदेह ठहराने से बैठक हंगामेदार हो गई।

उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने सोमवार को जब शहर की सड़कों का निरीक्षण किया तो देखा कि सड़क पर पाटे गए गड्ढे वैसे के वैसे ही थे। इस पर कमिश्नर ने अधिकारी और ठेकेदार पर नाराजगी जताई। कैंप नंबर-3, काजल पेट्रोल पंप रोड पर एक ट्रक का पहिया सड़क पर फंस गया था। सोमवार को सड़क के गड्ढे के कारण एक टेम्पो पलट गया। छोटी-बड़ी मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं आम हो गई हैं।

मंगलवार को स्थायी समिति सभागृह में आयुक्त अजीज शेख की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक में सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी, मनीष हिवरे, दत्तात्रेय जाधव, अनिल खतुरानी, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, लेखा परीक्षक शरद देशमुख आदिजन सहित निर्माण विभाग के इंजीनियर तरूण सेवकानी शामिल थे।

मनपा आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों को गड्ढे भरने के लिए सामग्री बदलने का सुझाव दिया। साथ ही एमएमआरडीए के माध्यम से शहर में 7 सड़कें निर्माणाधीन हैं। लेकिन सड़क के एक तरफ का काम पूरा हो जाने और दूसरी तरफ का काम अधूरा रहने से शहर में सड़क की समस्या उत्पन्न हो गयी है. अधिकारियों ने बताया कि इन आंशिक सड़कों पर पानी और कीचड़ है. इसके समाधान के तौर पर एमएमआरडीए प्रमुख को पत्र भेजकर सड़क के काम में तेजी लाने का सुझाव देने के निर्देश कमिश्नर ने भी दिए. चूंकि सिंधी समाज का चालिया उत्सव शुरू हो रहा है, इसलिए कमिश्नर ने अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के आदेश दिए हैं.

# बारवी डैम में 43.29% पानी जमा

- परिसर में हो रही अच्छी बारिश
- गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष डैम में 2% ज्यादा पानी

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** बारवी डैम परिसर में गत तीन दिनों से हो रही लगातार जोरदार बारिश के कारण डैम में पानी की तेजी से वृद्धि हुई है. बारवी डैम में गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष 2% पानी अधिक है. गत वर्ष 16 जुलाई को डैम में 41.43% पानी था. इस वर्ष 16 जुलाई को बारवी डैम में 43.29% पानी है. ये एक राहत की खबर है.

सन 2023 में डैम में 140.41 एमसीएम पानी था और 63 मीटर पानी था. इस वर्ष 146.70 एमसीएम पानी है और पानी का लेवल 63.45 मीटर है. ऐसी जानकारी एमआईडीसी बारवी डैम के अधिकारी सुनिल वलवी ने पत्रकारों को दी है.

10 दिन पूर्व तक डैम में 27% पानी था. 13 जुलाई शनिवार से मूसलाधार बारिश होने से अब डैम का जलस्तर बढ़कर 43.29% तक हो गया है.

बारवी डैम से ठाणे जिला, अंबरनाथ, उल्हासनगर, एमआईडीसी की कंपनियां, कल्याण-डोंबिवली, नवी मुबई, मीरा भायंदर, क्षेत्र को जलापूर्ति की जाती है. अंबरनाथ तालुका के बारवी डैम की क्षमता 338.84 दशलक्ष घन मीटर पानी है. इस डैम की पहले ऊंचाई 68,60 मीटर थो, जो बढ़ाकर 72.22 कर दी गई है, लेकिन 72.60 मीटर पानी भरने के बाद डैम ओवरफ्लो होने लगता है. डैम में आटोमेटिक दरवाजे लगाए गए हैं. दरवाजों को खोलने की जरूरत नहीं होती है. डैम के दरवाजे पानी भरने के बाद स्वचालित रूप से खुल जाते हैं.

# अंबरनाथ में टेलीग्राम पर 7.10 लाख रुपए गंवाए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ऑनलाइन फ्रॉड में फंसकर समझदार लोग भी लाखों रुपए गंवा रहे हैं. ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं. अब शहर पश्चिम, सर्वोदय नगर निवासी विनय दिलीप गायकवाड़ (28) के साथ 7 लाख 10 हजार रुपए का फ्रॉड हुआ है, जिसकी शिकायत उन्होंने अंबरनाथ पुलिस में की है. विनय के अनुसार अलाउद्दीन क्लब आनलाइन मोबाइल गेम की मीली शर्मा ने उनके मोबाइल टेलिग्राम पर संपर्क करके आनलाइन गेम खेलने के लिए उकसाया. अलाउद्दीन क्लब ऑनलाइन गेमिंग साइट पर गेम खेलो तो बड़ी रकम इनाम में जीती जा सकती है. ऐसा उनसे कहा गया. ऐसा लालच बताने पर उन्होंने अपने घर आर्चिड स्क्वेयर सर्वोदय नगर में 11 मई 2024 से 4 जुलाई 2024 के बीच में क्यूआर कोड के यूपीआई पर पैसे भेजने को कहा. ज्यादा रकम मिलने की लालच में विनय दो महीने तक पैसे भेजते गए. इस तरह उन्होंने कुल 7 लाख 10 हजार रुपए आनलाइन माध्यम से भेजे. पुलिस ने अलाउद्दीन क्लब टेलिग्राम की मीली शर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत अपराध दर्ज किया गया है. मामले की अधिक जांच क्राइम निरीक्षक किशोर शिंदे कर रहे हैं.

# अंबरनाथ तहसील कार्यालय पर मोर्चा



- दलित व आदिवासियों ने निकाला मोर्चा
- वन विभाग द्वारा ली गई जमीन का मुद्दा
- सफाई व पानी मुद्दे को लेकर दिया ज्ञापन

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तहसील कार्यालय पर दलित व आदिवासी संगठनों द्वारा तहसील कार्यालय पर धड़क मोर्चे का आयोजन किया गया है। यहीं की कुछ जमीनें वन विभाग के पास चली गई हैं, उन जमीनों को मालिकाना हक दिया जाए इसके अलावा प्रकाश नगर में सार्वजनिक सफाई व्यवस्था और सुविधाएं चरमरा गई हैं इस क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराया जाए, पानी, बिजली, आवास जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना मार्च का आयोजन किया गया, इन विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया, मांगें नहीं माने जाने पर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है.

## मोबाइल दुकानदार से हुआ ऑनलाइन फ्रॉड

- 10 हजार की ठगी करने वाला फरार
- ग्राहक CCTV में कैद

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में आनलाईन फ्राड की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में उल्हासनगर-5 कैलास कॉलोनी क्षेत्र में स्थित सिद्दीकी ब्रदर्स नामक मोबाईल शॉप में मनी ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है। उस दुकानदार से दस हजार की ठगी की बात सामने आयी है। एक ग्राहक ने उस दुकानदार से कहा कि मैंने आपको 10 हजार रुपए ट्रासफर किए हैं और फेक एसएमएस दिखाया कि पैसे आपको पहुंच गए हैं दुकानदार ने बिना अच्छे से जांच करके उस ग्राहक को 10 हजार रुपए ट्रांसफर के बदले नकद दे दिए। बाद में दुकानदार को पता चला कि उसके साथ फ्राड हुआ है। इसके बाद दुकानदार ने हिललाइन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है. पुलिस ने दुकानदार व आम लोगों से अपील की है कि आनलाईन फ्राड से बचने हेतु सतर्कता जरूर रखे।

# अम्बरनाथ कुशीवली बांध आरक्षित करें



- सत्र में विधायक विश्वनाथ भोईर की मांग



**कल्याण.** विधायक विश्वनाथ भोईर ने कल्याण-डोंबिवली मनपा की आबादी की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अंबरनाथ तालुका में कुशीवली बांध को आरक्षित करने की मांग की है. फिलहाल राज्य का बजट सत्र चल रहा है, जिसमें विधायक भोईर ने कल्याण-डोंबिवली के पानी के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया और कुशीवली बांध की आवश्यकता बताई.

पिछले एक दशक में, कल्याण-डोंबिवली शहरों में कई बड़े आवासीय परिसर बने हैं। इन आवासीय परिसरों में हजारों नागरिक रहने आ गए हैं और उनकी जल आपूर्ति की समस्या गंभीर हो गई है। वर्तमान में, कल्याण-डोंबिवली मनपा उल्हास नदी से पानी लेकर उसकी आपूर्ति कर रहा है। हालाँकि, वर्तमान जनसंख्या और भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए, पानी की यह मात्रा पहले से ही कम होने लगी है।

सरकार जल्द से जल्द कार्रवाई करे

विधायक विश्वनाथ भोईर लगातार कल्याण डोंबिवली मनपा के लिए एक अलग बांध की मांग कर रहे हैं, इस बांध के आरक्षण की घोषणा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की थी। उस पृष्ठभूमि में, दिसंबर 2023 में ठाणे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मनपा आयुक्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में विधायक भोईर ने इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि ठाणे जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद प्रशासन स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. साथ ही विधायक विश्वनाथ भोईर ने पुरजोर मांग की कि सरकार को वर्तमान जल समस्या के समाधान के साथ-साथ भविष्य की आबादी के लिए पर्याप्त पानी प्राप्त करने के लिए कल्याण डोंबिवली मनपा के साथ कुशीवली बांध को जल्द से जल्द आरक्षित करने की कार्रवाई करनी चाहिए।

## हंडा मोर्चा से प्रचुर जलापूर्ति की मांग

अभी दो दिन पहले ही कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अटाली वडवली क्षेत्र के नागरिकों ने वार्ड क्षेत्र कार्यालय पर रैली निकालकर प्रचुर जलापूर्ति की मांग की थी. इसका प्रमाण देते हुए विधायक विश्वनाथ भोईर ने कहा कि सिर्फ यहीं नहीं बल्कि तिलक चौक, पार नाका, बेतुरकर पाड़ा, राम बाग, जोशी बाग, उम्बर्डे जैसे हर इलाके में मानसून के दौरान पानी का संकट हो रहा है. इसलिए, विधायक भोईर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कल्याण-डोंबिवली के नागरिकों के लिए अलग जल आपूर्ति योजना को मंजूरी देने की तत्काल आवश्यकता है।

## मानेरा, आशेला व वसार गांव में लगेंगी 3 पानी की टंकियां

- सांसद के आदेश पर अधिकारियों ने दौरा किया
- दूषित पानी से नागरिक परेशान
- तीनों गांवों में पानी की समस्या

**उल्हासनगर.** आज सांसद श्रीकांत शिंदे के आदेश पर अधिकारियों ने मानेरे गांव का निरीक्षण कर विभिन्न समस्याओं का समाधान किया, लोगों को नलों से दूषित पानी मिल रहा था, इसलिए गंदा पानी आने से रोकने के लिए बूस्टर पंप का उपयोग किया जा रहा है. साथ ही राधास्वामी सत्संग के पास वाले पुल की मरम्मत की जाए. इसके अलावा अधिकारियों ने यह भी कहा कि मानेरा गांव, आशेला गांव और वसार गांव में 3 पानी की टंकियां लगाने का प्रयास किया जा रहा है. इस अवसर पर कल्याण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नीलेश शिंदे, विजय जोशी, विशाल पावशे, केडीएमसी अधिकारी और मानेरेगांव के नागरिक उपस्थित थे।

> जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## दिल्ली में बेखौफ अपराधी

राजधानी दिल्ली के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती एक मरीज की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने की घटना से एक बार फिर कई सवाल खड़े हुए हैं। अस्पताल में बीमार और घायल लोग इलाज पाकर नए जीवन की उम्मीद करते हैं। मगर अस्पताल ही जब सुरक्षित न हों तो पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था का सवालों के कठघरे में आना स्वाभाविक है। इस घटना के बाद अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

यही वजह है कि जीटीबी अस्पताल के रेजिडेंट डाक्टरों ने इसे लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जब तक सरकार अस्पताल के भीतर सभी के लिए सुरक्षित माहौल नहीं बनाती, वे सेवाएं नहीं दे सकते। गौरतलब है कि दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रविवार को एक युवक ने वार्ड में घुसकर वहां भर्ती एक मरीज की गोली मार कर हत्या कर दी। उस वक्त वार्ड में अन्य मरीज और अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे, लेकिन हमलावर ने हथियार दिखाकर सभी को चुप करा दिया। जाहिर है, हमलावर के भीतर पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं था। सवाल है कि हमलावर हथियार लेकर अस्पताल के भीतर कैसे दाखिल हो गया। क्या वहां सुरक्षा जांच की कोई व्यवस्था नहीं थी? या फिर सुरक्षा में कोई चूक हुई है? लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी निकल भागा। यह सब जांच का विषय है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। इस घटना के बाद दिल्ली सरकार का कहना है कि यहां के सभी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी ही चाहिए, लेकिन आखिर ऐसा क्यों होता है कि शासन-प्रशासन कोई बड़ी घटना होने के बाद ही सक्रिय होता है? जब तक तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए ठोस नीति तैयार कर उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

# नया बजट अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाए

नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देशवासियों की विकास के मोर्चे पर और भी बेहतरी आने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पिछले दो कार्यकाल में उनकी सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, सेवा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। सबसे कारगर कदम आर्थिक और बैंकिंग क्षेत्र में उठाए गए। 2014 से 2023 के दौरान भारत आर्थिक रूप से विश्व में मजबूत देश बनकर उभरा है।

उम्मीद है कि भारत 2027 में पचास खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था, 2030 में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में एक विकसित देश बन सकता है। 1947 से 2007 तक भारत की जीडीपी 10 खरब डॉलर की हुई और 2014 में बढ़कर 20 खरब डॉलर की हो गई और 2019 में 30 खरब डॉलर की। 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई थी, जबकि 2019 में यानी सिर्फ पांच वर्षों के अंदर यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में 7.8 फीसदी की दर से जीडीपी में वृद्धि हुई। समग्र रूप से 2023-24 में विकास दर 8.2 फीसदी रही। 'द इंडियन इकनॉमी : ए रिव्यू' रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में लगातार चौथे साल भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक रह सकती है, जबकि अभी दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर करीब तीन फीसदी है। 2023 में भारत में बेरोजगारी दर 8.7 प्रतिशत रही थी। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़



रही है, इसलिए 2027 तक बेरोजगारी दर के आठ प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है। भारत में मुद्रास्फीति दर 2023 में 5.5 प्रतिशत रही है, जबकि 2022 में यह 6.7 प्रतिशत रही थी। मई 2024 में खुदरा महंगाई दर 4.75 प्रतिशत रही। वहीं, 2024 से 2027 के दौरान इसके क्रमशः 4.6, 4.1 और 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस आधार पर कहा जा सकता है, भारतीय अर्थव्यवस्था आसानी से 2027 तक 50 खरब डॉलर की बन सकती है।

'द इंडियन इकनॉमी : ए रिव्यू' रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार के आर्थिक सुधारों की वजह से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकी है। भारत की जीडीपी 2030 तक सात प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भी भारत के वित्तीय क्षेत्र में आई मजबूती की पुष्टि की है। एसएंडपी ग्लोबल ने अपनी ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024 की रिपोर्ट 'न्यू रिस्क, न्यू प्लेबुक' में कहा कि भारत की नॉमिनल जीडीपी 2022 में 35 खरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 73 खरब डॉलर हो जाएगी। हाल के महीनों में भारतीय बैंकों का प्रदर्शन एशिया में अपने समकक्ष बैंकों की तुलना में सबसे अच्छा रहा है। देश के तीन बड़े बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने 2023 में दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों की सूची में अपनी जगह बनाई है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में बैंकों की संपत्ति 50.50 प्रतिशत बढ़कर 1.51 लाख करोड़ डॉलर हो गई है। एसएंडपी ग्लोबल के मुताबिक, हाल के महीनों में भारतीय बैंकों द्वारा दिए जा रहे कर्ज में तेज वृद्धि हुई है। 29 दिसंबर, 2023 तक यह 15.6 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई थी, जो एक साल पहले 14.9 प्रतिशत थी। 31 मार्च, 2024 को सरकारी बैंकों का संचयी लाभ 1.4 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया, जोकि पिछले साल की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सभी बैंकों का शुद्ध फंसा कर्ज (एनपीए) भी घटकर 1.70 प्रतिशत के स्तर से भी नीचे आ गया।

विकसित देश बनने के कुछ मानक हैं। इस क्रम में भारत में औद्योगीकरण, शिक्षा, आधारभूत संरचना, यंत्रीकरण, डिजिटलाइजेशन, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वित्त मंत्रालय का कामकाज फिर से निर्मला सीतारमण के हाथों में है। इसलिए, सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की नीतियां और उठाए जाने वाले कदम आगामी समय में भी भारतीय अर्थव्यवस्था और भारतीय बैंकों के अनुकूल रहेंगे। लिहाजा, देशवासी चाहते हैं कि नया बजट अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाए।





जीवन में सफलता की कुंजी है प्रभु पर ध्यान केंद्रित रखना।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# लोकतंत्र में नहीं होनी चाहिए हिंसा की जगह

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के बाद स्वाभाविक ही वहां की सुरक्षा और खुफिया एजंसियों पर सवाल उठने लगे हैं। ट्रंप इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में फिर से उम्मीदवार हैं। वे पेन्सिल्वेनिया के बटलर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे कि एक युवक ने पास की एक छत से उन पर गोली दाग दी। गनीमत है कि निशाना चूक गया और गोली ट्रंप के दाहिने कान को चीरती हुई निकल गई। सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को वहीं ढेर कर दिया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने घटना की सख्त निंदा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मगर इस घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजियां शुरू हो गई हैं।



रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि जो बाइडन के भाषणों से ट्रंप पर हमला करने की शह मिली। यह हत्या का प्रयास था। हालांकि अमेरिका में यह पहली घटना नहीं है, जब किसी नेता पर जानलेवा हमला हुआ। मगर दुनिया भर में सबसे सतर्क और चाक-चौबंद मानी जाने वाली अमेरिकी सुरक्षा प्रणाली पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं कि ट्रंप पर हमला करने वाले के बारे में घटना से कुछ समय पहले सूचना दे दी गई थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि हमलावर को पास के घर की छत पर स्पष्ट रूप से देखा गया था और उसने सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना भी दी थी।

चूंकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी है और ट्रंप की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है, इस घटना को राजनीति के केंद्र में ला दिया गया है। कई विश्लेषक मानते हैं कि इस घटना से ट्रंप को सहानुभूति मिलेगी और उनकी दावेदारी और मजबूत होगी। हालांकि अमेरिका में मतदाताओं को इस तरह प्रभावित करना थोड़ा कठिन माना जाता है। अमेरिकी खुफिया एजंसी एफबीआइ अभी पता नहीं लगा सकी है कि हमलावर का उद्देश्य क्या था। उसका कहना है कि हमलावर ने अकेले हमले की योजना बनाई थी, उसका किसी अन्य समूह से कोई संबंध नहीं था, इसलिए उसके मकसद के बारे में जान पाना कठिन है। मगर अमेरिका में पिछले कुछ समय से जिस तरह का वातावरण बना है, उसमें युवाओं के भीतर पनपे हिंसक व्यवहार का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पिछले चुनाव में जब ट्रंप चुनाव हारे थे, तब उनके समर्थक अमेरिकी संसद में घुस गए और वहां भारी तोड़-फोड़ की थी। वहां नस्लीय हिंसा और दूसरे देशों के नागरिकों के प्रति युवाओं में नफरत का जैसा मानस बना है, उससे वहां के वातावरण का अंदाजा लगाया जा सकता है।

छिपी बात नहीं है कि अमेरिका में महंगाई और बेरोजगारी के कारण बहुत सारे युवाओं में नाराजगी है। इस कुंठा में कई युवा हिंसक बर्ताव करते देखे जाते हैं। हालांकि ट्रंप पर हमला करने वाले युवक ने उनके समर्थक के रूप में खुद को पंजीकृत कराया था, पर जब तक ठीक-ठीक पता नहीं चल जाता कि उसने उन पर हमला क्यों किया, तब तक कुछ भी दावे के साथ कहना मुश्किल है। मगर यह घटना अमेरिकी लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय इसलिए है कि ऐसी चुनावी हिंसा इससे पहले वहां नहीं देखी गई। अगर अमेरिकी युवाओं में ऐसी प्रवृत्ति पनप रही है, तो निस्संदेह इसे लेकर तुरंत सावधान हो जाने की जरूरत है। अच्छी बात है कि बाइडेन प्रशासन इस घटना की जांच में कोई राजनीतिक दुराग्रह नहीं दिखा रहा है।

# ऐसा मजबूत महल जिसके नीचे मौजूद है सोने की 2 ईंट

### जरा हट के

सोने की ईंटों वाला महल. हां, वही अनोखी जगह जो मध्य प्रदेश के जबलपुर में है. जबलपुर की दादी-नानी सालों से इस महल से जुड़े किस्से-कहानियां सुना रही हैं, जिसमें सोने की 2 ईंटों का जिक्र होता है. 500 फीट की ऊंचाई पर बने महल के हर हिस्से से एक न एक किस्सा जुड़ा है.

**मदन महल किले का इतिहास**

वरिष्ठ पत्रकार और इतिहासकार जयंत वर्मा बताते हैं कि इस महल को 19वीं शताब्दी में बनवाया गया था. गोंडवाना राज्य के शासक राजा मदन शाह ने इसे अपनी पत्नी वीरांगना रानी दुर्गावती के लिए बनवाया था. मदन शाह एक छावनी चाहते थे, जहां से दूर-दूर तक नजर रखी जा सके. महल की वास्तुकला ऐसी है कि भूकंप भी इस इमारत का कुछ नहीं बिगाड़ सकता है.



इस महल में एक समय पर शाही परिवार रहता था. कई तरह के कमरों के साथ तालाब आदी यहां बनवाए गए थे. सुरक्षा को देखते हुए के अलग-अलग हिस्सों में सुरगों को भी बनवाया गया था.पर फिर हमले हुए, जिसके बाद इस किले को वॉट टावर बना दिया गया.

### सोने के ईंट वाली कहावत

मदन महल का नाम आते ही जबलपुर के लोग सोने की ईंटो वाली कहावत जरूर सुनाते हैं. कहावत कुछ ऐसी है – 'मदन महल की छांव में, दो टांगों के बीच, जमा गड़ी नौ लाख की, दो सोने की ईंट.' इसी वजह से इस किले में सोने की ईंट की कहानी सुनाई जाती है. हालांकि, आज तक यह ईंटें किसी के हाथ नहीं लगी हैं. इस महल को बनवाते वक्त दुश्मनों को ध्यान में रखा गया था. इस वजह से ऊंचाई पर बनवाया गया. इसकी चोटी से पूरा जबलपुर का नजारा दिखता है.यहां एक ऐसा टॉवर भी बनवाया गया, जहां से दुश्मनों पर वार करने का नजारा साफ दिखता था. ग्रेनाइट की 2 चट्टानों पर महल खड़ा है.




# स्पेशल दाल ढोकली

**सामग्री :**

दाल ढोकली बनाने के लिए आपको सबसे पहले आटा लेना है, उसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, अजवाइन, नमक और तेल डालकर अच्छी तरह आटा गूंध लेना है, फिर उसकी छोटी-छोटी लोई बनाकर. इसे एक बेलन पर बेल लें, फिर बेलने के बाद आप इसे स्क्वेयर शेप में काट लें. अब आप इसे थोड़ी देर के लिए साइड में रख कर, डाल की तैयारी शुरू कर दें. आप चाहे तो पहले दाल बना लें, फिर ढोकली तैयार करें.

**विधि :**

दाल बनाने के लिए सबसे पहले कुकर में दाल को बाफ लें. फिर एक कढ़ाई में थोड़ा घी डालकर गर्म करें, फिर इसमें राई जीरे का तड़का लगाएं, जब जीरा अच्छे तरीके से तड़क जाए तो इसमें टमाटर, अदरक लहसुन का पेस्ट, प्याज और हरी मिर्च डालकर अच्छी तरह पका लें. अब कुकर में रखी पकी हुई दाल को इस कढ़ाई में डालकर अच्छी तरह मिला ले. अब आप इसमें ऊपर से लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाले और अपनी पसंद के दूसरे मसाले भी डाल सकते हैं.



अब आप इस दाल में कटी हुई ढोकली डाल दें और अच्छी तरह मिला लें. अगर आप दाल ढोकली को और ज्यादा स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो इसमें नींबू के रस का भी इस्तेमाल करें साथ ही सीखी हुई मूंगफली के दाने भी आप इसमें डाल सकते हैं. अगर आप खट्टा मीठा खाना पसंद करते हैं, तो इसमें आमचूर के साथ गुड़ का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

यह आपकी दाल ढोकली को और ज्यादा स्वादिष्ट बना देंगे. अब इन सभी चीजों को डालकर अच्छी तरह मिला लें और थोड़ी देर तक गैस पर ढक्कर अच्छी तरह पकने दें. जब यह 10 से 15 मिनट में पककर तैयार हो जाए, तो इसे एक प्लेट या बाउल में निकालकर ऊपर से हरे धनिए की पत्तियां डालकर गरमा गर्म इसे परोस सकते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष** : आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**मिथुन** : वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कर्क** : आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा। आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा।

**सिंह** : मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या** : काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला** : आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है।

**मकर** : किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**मीन** : किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# गर्दन के दर्द से राहत दिलाएंगे ये तीन योगासन

### जानें अभ्यास का सही तरीका

**गर्दन में दर्द के कई कारण हो सकते हैं ,जैसे गलत मुद्रा में बैठना या खड़ा होना। कंप्यूटर या मोबाइल का उपयोग करते समय लंबे समय तक गर्दन झुकाकर बैठना। इसके अलावा तनाव और चिंता भी गर्दन दर्द के कारण है। मांसपेशियों में तनाव, कोई चोट, या हर्नियेटेड डिस्क और आंतरिक बीमारियों के कारण भी गर्दन में दर्द हो सकता है।**

इसका सही समय पर कारगर इलाज न किए जाने पर माइग्रेन की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा गर्दन का दर्द कंधों और बाहों के दर्द में परिवर्तित हो सकता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। दर्द के कारण नींद पूरी न होना, चक्कर आना और दैनिक गतिविधियों में रुकावट होना सामान्य समस्याएं हैं। गर्दन के दर्द से राहत पाने के लिए कुछ योगासनों का अभ्यास फायदेमंद है। यह जड़ से गर्दन के दर्द को मिटा सकता है। इस लेख में शरीर दर्द खासकर गर्दन के दर्द से छुटकारा दिलाने वाले योगासनों के बारे में बताया जा रहा है।




### भुजंगासन

यह आसन गर्दन, कंधों और रीढ़ की हड्डी को खींचता है और उनमें तनाव को कम करता है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेटकर कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर उठाएं। अब धीरे धीरे सांस भरते हुए छाती को ऊपर की ओर उठाएं। पेट वाले हिस्से को धीरे धीरे ऊपर उठाते हुए 30-60 सेकेंड इसी स्थिति में रहें।

### बालासन

यह आसन गर्दन और कंधों को आराम देता है और मानसिक तनाव को भी कम करता है। मैट पर घुटनों के बल बैठकर शरीर का सारा भार एड़ियों पर डालें। अब गहरी सांस लेते हुए आगे की ओर झुकें। सीना जांघों से छूने का प्रयास करें। माथे से फर्श को छूने की कोशिश करते हुए कुछ सेकंड इसी अवस्था में रहें। यह प्रक्रिया 3-5 बार दोहराएं।






### मार्जरी आसन

यह आसन गर्दन और रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है और मांसपेशियों के तनाव को कम करता है। मार्जरी आसन करने के लिए घुटनों के बल बैठकर पीठ को झुकाएं और हथेलियां जमीन पर रखें। पीठ ऊपर की तरफ उठी होनी चाहिए और सिर नीचे झुका हुआ हो।

# बालों के लिए वरदान है कॉफी के बीज



### स्किन को भी कर देगी ग्लोइंग

जानें यूज करने का सही उपाय

कॉफी का यूज हेयर और बालों के लिए खूब किया जाता है. इसका छोटा सा बीज आपकी सुंदरता को और बढ़ा सकता है. अगर बालों की ग्रोथ रुक गई है या फेस पर डलनेस आ गई है तो कॉफी सबसे बेहतरीन उपाय है. आइए जानते हैं टिप्स...

कॉफी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो बालों होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करती है. कॉफी में मौजूद कैफीन बालों का झड़ना कम करने और बालों के बढ़ने में मदद करता है. बालों में नियमित रूप से कॉफी लगाने से बाल लंबे, घने और मजबूत होते हैं. बालों की ग्रोथ के लिए आप कॉफी को बहुत तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं.

### नारियल तेल और कॉफी

आप कॉफा में नारियल तेल मिलाएं और अच्छा पेस्ट बनाएं. अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से रब करें और इसे आधे घंटे तक अपने बालों में रहने दें. इसके बाद अपने बालों को माइल्ड शैंपू से वॉश कर लें. नारियल तेल आपके बालों को नरिश करेगा और कॉफी से बाल स्मूथ होंगे. इसके अलावा आप इस पेस्ट को अपने फेस पर भी लगा सकते हैं. यह पेस्ट आपके स्किन को स्मूथ बनाएगा.

### कॉफी और एलोवेरा जेल

कॉफी को ऐलोवेरा के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं. बालों के लिए यह पेस्ट बेस्ट है. इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाकर मसाज करें. जेल को आधे घंटे तक अपने बालों में रहने दें, इसके बाद माइल्ड शैंपू से वॉश कर लें. एलोवेरा जेल बालों को सॉफ्ट करता है. अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो ये उपाय जरूर अपनाएं. इससे आपके बाल कंघी में कम उलझेंगे. इस लेप को आप अपने स्किन पर भी लगा सकते हैं. अगर आपको टैनिंग आ गई है तो ये जेल बेहतरीन तरीके से काम करेगा. आप इस पेस्ट को अपने फेस पर लगाकर स्क्रब सकते हैं ताकि डेड सेल्स स्किन से साफ हो जाएं.

# कोशिशों के बाद भी पेट की गंदगी नहीं हो पा रही साफ?

### खाना शुरू कर दें ये फल, सुबह का बोझ हो जाएगा हल्का..!

पेट में जमा गंदगी चैन से सोना तो दूर उठना-बैठना तक मुश्किल कर देती है. अगर ये गंदगी ज्यादा दिनों तक रहेगी तो यह गैस, ब्लॉटिंग और अपच जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं. ऐसे में इसे क्लीन स्वीप करना बेहद जरूरी हो जाता है. दरअसल, जब हम भोजन करते हैं तो यह छोटी आंत में पहुंचता है. यहां भोजन को तोड़ने के लिए लिवर और पेट से कई एंजाइम और केमिकल निकलते हैं. इन एंजाइम की मदद से भोजन से जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे एनर्जी बनती है. लेकिन गलत खान-पान हमारी आंत में ठीक तरह से पचता नहीं है और इस कारण पेट में गंदगी जमने लगती है. इससे निजात पाने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का सेवन करते हैं, लेकिन कुछ फलों इस परेशानी को दूर करने में अधिक असरदार माने जाते हैं. आइए रिजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ की डाइटिशियन रितु त्रिवेदी से जानते हैं इन फ्रूट्स के बारे में-

### पेट की गंदगी को साफ करने वाले फल



**पपीताः** डाइटिशियन के मुताबिक, पेट की गंदगी साफ करने में पपीता अधिक फायदेमंद माना जाता है. इसके सेवन से कब्ज की समस्या से निजात पाया जा सकता है. दरअसल, इसमें पपैन नामक एंजाइम होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है.

**संतराः** कब्ज की समस्या से निजात पाने के लिए संतरे का भी सेवन किया जा सकता है. बता दें कि, संतरे में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पाचन क्रिया को मजबूत बना सकता है. इसके नियमित सेवन से आंतों में जमा गंदगी बाहर निकल सकती है.





**सेबः** पेट के लिए छिलकेदार सेब का सेवन फायदेमंद है. दरअसल, सेब में पाया जाने वाला फाइबर मल त्याग को बढ़ावा देने में मददगार है. साथ ही इसमें पेक्टिन मौजूद होता है, जो बॉवेल मूवमेंट को बेहतर बनाकर कब्ज से छुटकारा दिलाने में असरदार है.

**कीवीः** कीवी में पानी और फाइबर अच्छी मात्रा में होता है, जो कब्ज से छुटकारा दिलाने में मदद करता है. इसके अलावा, इसमें एक्टिनिडिन नामक एंजाइम मौजूद होता है, जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है. साथ ही, पाचन और मल त्याग में मदद कर सकता है.



लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### गर्लफ्रेंड की ब्लैकमेलिंग से सबकुछ गंवा बैठा व्यापारी, गोली मारकर की खुदकुशी

**लखनऊ.** लखनऊ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां सैरपुर के एक होटल में सोमवार को सर्राफ ने तमंचे से गोली मार कर खुदकुशी कर ली। वह रेप के मामले में जेल जा चुका है। सुसाइड नोट में उसने इस रेप के मुकदमे का जिक्र करते हुए लिखा है कि उसे फर्जी फंसाया गया था। अब महिला उसे ब्लैकमेल कर रही है और अब तक नौ लाख रुपये वसूल चुकी है। इससे परेशान होकर ही वह अपनी जिन्दगी खत्म कर रहा है। सुसाइड नोट में उसने महिला का नाम भी लिखा है। पुलिस नोट में लिखी बातों की सच्चाई परख रही है। कमरे से वह तमंचा भी बरामद हुआ है जिससे उसने खुदकुशी की है।

### फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजा परिसर में पर्यटकों ने गैस चूल्हे पर बनाई बिरयानी

**फतेहपुर सीकरी.** यूपी के फतेहपुर सीकरी में प्रसिद्ध बुलंद दरवाजा परिसर में बिरयानी बनाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद परिसर की सिक्योरिटी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, बिरयानी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बुलंद दरवाजा परिसर के बरामदे में बाकयदा गैस सिलेंडर लगाकर चूल्हे पर भगोने में बिरयानी पका कर रहे सैलानियों व जायरीनों के दिया जा रहा है। उधर वीडियो वायरल होने के बाद इससे पुरातत्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। लापरवाही बरतने पर आनन-फानन में पुरातत्व विभाग की सुरक्षा इकाई के दो जवानों को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

### कानपुर में गरजने वाले हैं बुलडोजर, जमींदोज होंगे 645 कब्जे; लग गए लाल क्रॉस निशान

**कानपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा मुताबिक कानपुर में चार अत्याधुनिक फोर लेन रोड बनाने के लिए 645 अतिक्रमण हटाए जाएंगे। अगले हफ्ते से बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी अतिक्रमणकारियों को नगर निगम ने नोटिस थमा दिया है। जहां अतिक्रमण हटाए जाने हैं वहां लाल रंग से क्रॉस के निशान भी बना दिए गए हैं। ये सड़कें सीएम ग्रिड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी योजना (सीएम ग्रिड) के तहत बनाई जानी हैं। इस पर 133 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। योजना के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छह अगस्त तक टेंडर खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही निर्माण की अवधि का लक्ष्य तय होगा और टेंडर की स्वीकृति दे दी जाएगी।

### नरबलि की आशंका! 3 साल की बच्ची का अपहरण कर हत्या, चाकू से कई जगह गोदा

**मेरठ.** मेरठ में भावनपुर थाना क्षेत्र के दतावली गांव में मामा की शादी में शामिल होने आई 3 साल की बच्ची का सोमवार देर रात अपहरण के बाद चाकू से गोदकर कत्ल कर दिया गया। बच्ची की लाश गांव के करीब 2 किलोमीटर बाहर बच्चा शमशान के पास काली नदी के किनारे पड़ी हुई मिली। फतेहउल्लापुर निवासी चमन की शादी सोमवार को गेसूपुर गांव निवासी शिवकुमार की बेटी सोनिया से हुई थी। शादी समारोह का आयोजन शिवकुमार ने अपने बड़े दामाद के दतावली स्थित आवास पर किया था। शादी समारोह में चमन की चचेरी बहन सपना अपने पति अनिल कुमार और दोनों बच्चों के साथ आई थी। सोमवार देर रात करीब 1:45 बजे के आसपास समारोह स्थल के बाहर एक लकड़ी के तख्त पर अनिल कुमार अपने दोनों बच्चों, 3 साल की बेटी भाविका और 6 साल के बेटे युग के साथ लेटे हुए थे। इसी दौरान अनिल कुमार पेशाब करने के लिए 5 मिनट के लिए दोनों बच्चों को अकेला छोड़कर खेत में चले गए थे। वापस आकर देखा तो भाविका गायब थी।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला कैप्टन समेत 5 जवान शहीद

**कैप्टन बृजेश थापा की मां बोलीं- बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा**


शहीद कैप्टन बृजेश थापा | शहीद सिपाही अजय सिंह | शहीद सिपाही बृजेंद्र सिंह

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में आतंकियों की फायरिंग में सेना के कैप्टन समेत 4 जवान शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यानी कुल 5 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय रायफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस यहां सोमवार से ही सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

सर्चिंग के दौरान आतंकी फायरिंग करते हुए भागे। घना जंगल होने की वजह से वे बच निकले। सोमवार रात 9 बजे के आसपास फिर गोलीबारी हुई। इसमें 5 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के और सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे। नायक डी राजेश की जानकारी सामने नहीं आई है।

#### आतंकी संगठन का दावा- 12 जवान मारे गए

हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कश्मीर टाइगर्स ने ली है। संगठन ने दावा किया है कि उनके हमले में आर्मी के कैप्टन समेत 12 जवान मारे गए हैं, जबकि 6 घायल हैं।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का जब भी जिक्र होता था तो दक्षिण कश्मीर को इसका गढ़ा माना जाता था। पुंछ, पुलवामा, अनंतनाग जैसे इलाकों में ही पहले आतंकवागी हमले होते थे, लेकिन इस साल नया ट्रेंड देखने को मिला है। पाकिस्तान परस्त और स्थानीय आतंकवादियों ने अब जम्मू के उन इलाकों को निशाना बनाना शुरू किया है, जो अब तक सुरक्षित माने जाते थे। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि आखिर क्यों आतंकवादी अब जम्मू इलाके को निशाना बनाने लगे हैं। इस साल अब आतंकवादियों ने जम्मू क्षेत्र में कुल 11 हमले किए हैं। इन आतंकी हमलों में 12 सुरक्षाकर्मी शहीद हो चुके हैं, जबकि 10 नागरिकों ने जान गंवाई है।

इन हमलों से निपटना कितना चुनौतीपूर्ण रहा है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि इन हमलों में महज 5 आतंकियों को ही ढेर करने में सफलता मिल सकी है। सुरक्षा एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसकी वजह यह है कि आतंकवादियों ने नए इलाकों को टारगेट करना शुरू किया है, जहां की स्टडी सुरक्षा बलों की कम है।

# अलीगढ़ के थाने में बेटे ने मां को जिंदा जलाया

- पुलिस के सामने पेट्रोल डालकर लगाई आग
- 80% जली महिला; प्रॉपर्टी के लिए हुआ था झगड़ा



**अलीगढ़.** अलीगढ़ में बेटे ने थाने में मां को जिंदा जला दिया। उसने पुलिसवालों के सामने ही मां पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने मिट्टी और कंबल डालकर किसी तरह महिला को बचाया, लेकिन तब तक वह 80% झुलस गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। महिला का अपनी ससुराल वालों से प्रॉपर्टी को लेकर झगड़ा चल रहा था। इसके बाद मां और बेटे थाने गए थे। बेटे ने अपने ताऊ के परिवार को फंसाने के लिए मां को आग लगा दी।

#### परिवार के लोगों को फंसाने के लिए आग लगा दी

SP देहात पलाश बंसल ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला के पति की मौत हो चुकी है। दरकन नगरिया गांव में पुश्तैनी मकान है। इसमें महिला अपने बेटे के साथ रहती है। एक हिस्से में जेठ का परिवार रहता है। इस मकान के बंटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा है। मकान के जिस हिस्से में मां और उसका बेटा रहते हैं, उसको खाली कराने का दबाव बनाया जा रहा था। मकान खाली करने के एवज में महिला और उसका बेटा 10 लाख रुपए चाहते थे। जेठ 5 लाख रुपए देने पर तैयार थे। इस मामले की थाने में कई दिनों से पैरवी चल रही थी। मंगलवार को मां और बेटा दोनों थाने पहुंचे थे।

# ट्रम्प कान पर पट्टी बांधकर पार्टी कन्वेंशन में पहुंचे

- दावा-जिस इमारत से गोली चली उसके दूसरे माले पर थे स्नाइपर्स

**वाशिंगटन.** अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी ने सोमवार देर रात डोनाल्ड ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित कर दिया। विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी शहर में हुए पार्टी कन्वेंशन में ट्रम्प को डेलिगेट्स के 2387 वोट मिले। उम्मीदवार चुने जाने के लिए उन्हें 1215 वोटों की जरूरत थी।

13 जुलाई को पेन्सिल्वेनिया में हुए हमले के बाद यह पहला मौका था जब ट्रम्प सार्वजनिक मंच पर नजर आए। उनके कान पर पट्टी बंधी थी। गोली लगने के 48 घंटे बाद पार्टी ने उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

सम्मेलन में ट्रम्प के पहुंचते ही समर्थकों ने 'USA-USA' के नारे लगाए। साथ ही हवा में मुट्ठी लहराते हुए लोग 'फाइट-फाइट' कहते नजर आए। दरअसल शनिवार को गोली लगने के बाद ट्रम्प ने हवा में मुट्ठी लहाकर फाइट-फाइट कहा था।

कन्वेंशन में ट्रम्प के साथ उनके बेटे एरिक और डोनाल्ड जूनियर भी मौजूद रहे। सम्मेलन खत्म होने के बाद जब ट्रम्प वहां से जाने लगे तो लोगों ने 'वी लव ट्रम्प' के नारे भी लगाए। इस दौरान कुछ समर्थकों की आंखें भी नम हो गईं। हालांकि कन्वेंशन में ट्रम्प ने एक बार भी खुद को गोली का जिक्र नहीं किया।

# किसानों का दिल्ली कूच का ऐलान

- संगठन के नेता बोले- शंभू बॉर्डर खुलने का इंतजार
- हरियाणा सरकार ने कहा- नहीं खोला जाएगा



**नई दिल्ली.** हरियाणा-पंजाब के बीच शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। चंडीगढ़ में मीटिंग के बाद किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि शंभू बॉर्डर खुलते ही किसान दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ सामान इकट्ठा करने में समय लगेगा, उसके बाद हम दिल्ली की तरफ रवाना हो जाएंगे।

किसानों ने किसान शुभकरण के मौत मामले में गठित स्पेशल टास्क फोर्स (SIT) को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के अधिकारी को जांच देने से इंसाफ की उम्मीद नहीं बचती।

वहीं शंभू बॉर्डर पर लगी 8 लेयर की बैरिकेडिंग फिलहाल नहीं हटेगी। 10 जुलाई को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने 7 दिन के अंदर बॉर्डर खोलने के आदेश दिए थे। आज इसका अंतिम दिन है, लेकिन इसको लेकर हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई है। सरकार अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है।

दिल्ली कूच के लिए पंजाब के कई जिलों से किसानों के जत्थे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में जींद से सटे खनौरी और अंबाला से लगते शंभू बॉर्डर पर पहुंचने लगे हैं। इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में 6 माह का राशन है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि वाटर कैनन बॉय नवदीप जलबेड़ा की रिहाई के लिए कल अंबाला में SP का घेराव किया जाएगा। सुबह 10 बजे किसान अनाज मंडी में इकट्ठे होंगे।

# यूपी में शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस पर रोक

- 2 महीने में कमेटी फैसला लेगी
- 6 लाख शिक्षक लगातार कर रहे थे विरोध




**लखनऊ.** योगी सरकार डिजिटल अटेंडेंस को लेकर बैकफुट पर आ गई है। डिजिटल अटेंडेंस पर 2 महीने की रोक लगा गई दी है। मुख्य सचिव मनोज सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जो 2 महीने में जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसके बाद योगी सरकार इस पर फैसला लेगी।

मुख्य सचिव ने आज शिक्षक संगठनों के साथ बैठक की। इसमें प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा शानमुगम, डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा और महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष सुलोचना मौर्या मौजूद रहीं। बैठक के बाद डिजिटल अटेंडेंस को स्थगित करने का आदेश जारी हुआ।

#### 8 जुलाई को जारी हुआ था आदेश, 6 लाख शिक्षक कर रहे थे विरोध प्रदर्शन

योगी सरकार ने प्राइमरी स्कूलों में 8 जुलाई से शिक्षकों की बायोमेट्रिक हाजिरी का आदेश जारी किया। इसके बाद शिक्षक सड़क पर उतर गए। धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सरकार ने आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया। तकनीकी दिक्कत आने पर कभी भी हाजिरी लगाने की छूट दी, लेकिन शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इसके बाद योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। यूपी में प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा मित्र से लेकर टीचर तक की संख्या 6 लाख 9 हजार 564 है।

#### बैकफुट पर आई सरकार

भाजपा के कई सांसदों और विधायकों ने डिजिटल अटेंडेंस को स्थगित करने के लिए सरकार को पत्र लिखा था। कहा था- इससे माहौल खराब हो रहा है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए.

### गुजरात में वायरस से 6 बच्चों की मौत

**चांदीपुरा.** गुजरात में चांदीपुरा वायरस के चलते 5 दिन में 6 बच्चों की मौत हो गई है। गुजरात के स्वाथ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि अभी तक राज्य में 12 बच्चे इस वायरस से इन्फेक्टेड हैं। इस वायरस का इन्फेक्शन 9 साल से 14 साल के बच्चों को ही होता है। चंदीपुरा वायरस से बच्चों में फीवर और फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इसके बाद इन्सेफेलाइटिस यानी दिमाग में सूजन तक हो सकती है, जो बच्चों की मौत का कारण बन सकती है। ऋषिकेश ने बताया कि फिलहाल राज्य में 12 बच्चों में से 4 साबरकांठा, 3 अरावली, 1 महीसागर, 1 खेड़ा और 2 राजस्थान, 1 मध्य प्रदेश से हैं। हालांकि, इन सभी का इलाज गुजरात में अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

# बिहार में VIP सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता की हत्या

- पटना से FSL की टीम रवाना
- रिश्तेदार का दावा- हत्याकांड में गांव के लोगों का हाथ



**पटना.** बिहार में विकासशील इंसान पार्टी यानी VIP के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है। मंगलवार सुबह 70 साल के सहनी का क्षत-विक्षत शव उनके घर से मिला है। घटना दरभंगा के घनश्यामपुर थाना के जीरत गांव की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकेश सहनी मुंबई से पटना पहुंच गए है। यहां से वो दरभंगा के लिए निकल गए हैं।

पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में मुकेश सहनी ने कहा कि पिता के हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। सीएम से बात हुई है, उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

वहीं, एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पटना से एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वॉड समेत जांच के लिए अन्य टीमें दरभंगा के लिए रवाना कर दी गई है। इधर, मुकेश सहनी के मामा ने दावा किया है कि इस हत्याकांड में गांव के लोगों का हाथ है। इससे पहले, मिथिला रेंज के डीआईजी बाबूराम ने कहा कि पुलिस को काफी क्लू मिले हैं। कमरे में टेबल से 3 खाली गिलास मिले हैं। उन्होंने दावा किया है कि 8 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। इस मामले में कुक और दूध वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

#### हत्या की जांच के लिए SIT गठित

पुलिस ने बताया कि सहनी को धारदार हथियार से हमला करके मारा गया है। उनके घर का सामान भी बिखरा पड़ा मिला है, इस लिहाज से पुलिस का मानना है कि चोरी का विरोध करने पर सहनी का मर्डर किए जाने की आशंका है। हत्या की जांच के लिए SIT बना दी गई है। दरभंगा के SP देहात इसे लीड करेंगे।

#### गांव में बने घर में अकेले रहते थे जीतन सहनी

जीतन सहनी गांव में बने घर में अकेले रहते थे। उनके दो बेटे मुकेश और संतोष हैं। मुकेश बिहार के पूर्व पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रह चुके हैं। उनकी एक बेटी भी है, जिसकी शादी हो चुकी है और वह मुंबई में रहती है।

# रोहित बोले- कुछ समय तक टेस्ट-वनडे खेलूंगा



टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ ही टी-20 से संन्यास की घोषणा कर चुके रोहित शर्मा ने टेस्ट और वनडे में खेलने को लेकर अपनी योजनाओं का खुलासा किया है। रोहित ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे कम से कम कुछ समय के लिए खेलते हुए देंखगे।'

इससे पहले BCCI सेक्रेटरी जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम को बधाई दी और वीडियो संदेश जारी की और कहा कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतेगी।

#### रोहित की कप्तानी में भारत ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता

भारत रोहित की कप्तानी में पिछले महीने के आखिरी में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारत ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीता। इससे पहले भारत ने 2007 में पहला टी-20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया था।

#### रोहित अब तक हुए सभी टी-20 वर्ल्ड कप खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी

2007 में टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित अब तक आयोजित हर टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। रोहित ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के लिहाज से सबसे ज्यादा रहे। रोहित शर्मा ने अब तक 59 टेस्ट मैचों में में 45.46 के एवरेज से 4137 रन बनाए हैं। इसके अलावा, हिटमैन 262 वनडे मैचों में 10709 रन 49.12 के एवरेज से बना चुके हैं। रोहित ने टी20 इंटरनेशनल करियर के 159 मैचों में 4231 रन बनाए हैं।

**अजमेर दरगाह के बाहर सिर तन से जुदा के नारे**

# 2 साल बाद आया कोर्ट का फैसला खादिम सहित सभी छह लोग बरी

**अजमेर.** अजमेर दरगाह के बाहर भीड़ में 'सिर तन से जुदा' के नारे लगाने के मामले में आज फैसला आया है। खादिम सहित सभी छह आरोपियों को एडीजे-4 कोर्ट ने बरी कर दिया है। पूरे प्रकरण को लेकर 2 साल से कोर्ट में ट्रायल चल रहा था। इस दौरान 22 गवाह और 32 दस्तावेज पेश किए गए थे।

सरकारी वकील गुलाम नजमी फारूकी ने बताया- जून 2022 में दरगाह की सीढ़ियों पर 'सिर तन से जुदा' के नारे लगाए गए थे। मामले में खादिम गौहर चिश्ती, अजमेर के रहने वाले ताजिम सिद्दीकी (31) पुत्र नईम खान, फखर जमाली (42) पुत्र सैयद मोहम्मद जुबैर जमाली, रियाज हसन दल (47) पुत्र हसन, मोईन खान (48) पुत्र स्व. शमसुद्दीन खान, नासिर खान (45) आरोपी थे। जज रितु मीणा की कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया है। इस मामले में एक आरोपी अहसानुल्लाह फरार है। उस पर कोई फैसला नहीं सुनाया गया है। दरगाह थाने में जून 2023 मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट ने दोपहर करीब पौने एक बजे अपना फैसला सुनाया।

#### हाईकोर्ट में करेंगे अपील

सरकारी वकील गुलाम नजमी फारूकी ने बताया- कोर्ट ने पूरा जजमेंट आउट नहीं किया है। वर्तमान में सिर्फ अनाउंस किया है, जिसमें सभी छह आरोपियों को सभी धाराओं में बरी कर दिया गया है। सरकारी वकील का कहना है कि पूरा जजमेंट देखने के बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे। मामले में फरार सातवें आरोपी अहसानुल्लाह पर कोई फैसला नहीं आया है।

# ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर ने अलग-अलग नामों से UPSC दी

- CAT के आवेदनों में इनका जिक्र
- 2020 में उम्र 30 तो 2023 में 31 बताई

**पुणे.** ट्रेनी IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की UPSC में गड़बड़ी के मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। अब सामने आया है कि पूजा ने UPSC के अटेम्प्ट बढ़ाने के लिए अपने नाम और उम्र में बदलाव किया था। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (CAT) में पूजा की तरफ से लगाए गए 2020 और 2023 के दो आवेदनों में पूजा के अलग-अलग नाम हैं।

पूजा ने 2020 के आवेदन में अपना नाम 'खेडकर पूजा दिलीपराव' और उम्र 30 साल बताई थी। वहीं, 2023 में CAT के आवेदन में उन्होंने अपना नाम 'पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर' और उम्र 31 साल बताई। सवाल उठाया जा रहा है कि तीन साल के अंतराल में उनकी उम्र एक ही साल कैसे बढ़ सकती है। दरअसल, UPSC में जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट को 32 साल की उम्र तक 6 बार परीक्षा देने की अनुमति होती है। वहीं OBC कैटेगरी का अभ्यर्थी 35 साल तक 9 बार परीक्षा दे सकता है। सूत्रों के मुताबिक, पूजा ने कुल 11 बार सिविल सर्विसेस की परीक्षा दी हैं।

पूजा पर दिव्यांगता और OBC आरक्षण कोटे का दुरुपयोग करके भारतीय प्रशासनिक सेवा (UPSC) में सिलेक्शन पाने का आरोप है। विवाद बढ़ने के बाद उन्हें पुणे से वाशिम ट्रांसफर कर दिया गया था।

पूजा खेडकर की ट्रेनिंग एक हफ्ते के लिए रोक दी गई है। पूजा को 15 से 19 जुलाई तक अकोला में आदिवासी विकास परियोजना में प्रशिक्षु के रूप में शामिल होना था, लेकिन वाशिम जिला अधिकारी ने इस पर रोक लगा दी है। पूजा के दिव्यांग और OBC सर्टिफिकेट की पुलिस जांच होगी। सर्टिफिकेट जारी करने वाले डॉक्टर से भी पूछताछ की जाएगी।

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

अंबरनाथ नगरपरिषद

## अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.अंनप/पापुवजनि/2024-25/89 दि. 15/7/2024

### कोटेशन नोटीस

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 25/7/2024 रोजी सायं 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रु. (GST वगळून) | इसारा रक्कम रु. |
|---|---|---|---|
| 01. | अंबरनाथ पश्चिमेकडील वॉर्ड क्र. 39 फॉरेस्ट नाका येथील सार्व. शौचालयाची दुरुस्ती करणे. | रु. 5,73,515/- | रु. 5735/- |

1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफा क्र. 01
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी.एस.टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

2) वित्तीय बोलीचा लिफाफा क्र. 02
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

टिप :- सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

शिक्का

सही/-
(डॉ. प्रशांत रसाळ)
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

## संक्षेप...

### चाकू दिखाकर वसूल रहा था पैसा.

**भिवंडी.** भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन अंतर्गत दरगाह दीवान शाह परिसर में नाबालिग बच्चों से चाकू दिखाकर पैसा वसूल करने वाले इस्लाम इरशाद अंसारी के खिलाफ भोईवाडा पुलिस ने आपराधिक मामला केस दर्ज किया है.

दसवीं के छात्र व मदरसे में शिक्षण ग्रहण करने वाले एक नाबालिग युवक ने भोईवाडा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि, इरशाद पान वाले का लड़का इस्लाम इरशाद अंसारी पिछले 3 वर्षो से चाकू दिखाकर पैसे ले रहा है और पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता है. 3 माह पहले अपने मित्र शेख के साथ नालापार वसेरा होटल के पास जा रहा था. इस्लाम इरशाद अंसारी रास्ते में चाकू दिखाकर रोका और कहने लगा कि मुझे मोबाइल लेना है तुम दोनों मुझे तीस, तीस हजार रूपये लाकर दो अन्यथा दोनों को जान से मार दूंगा. धमकी देते हुए मेरे मित्र को मुक्के से मारा.जान की डर से दादा के कपाट में रखे 30 हजार रूपये निकालकर इस्लाम इरशाद अंसारी को दे दिया.

# हिंसक हुआ विशालगढ़ किले को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान

■ **तोड़फोड़ और प्रदर्शन, 500 लोग के खिलाफ केस**



**मुंबई.** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के विशालगढ़ किले में अतिक्रमण हटाने का अभियान हिंसक हो गया, क्योंकि भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया. पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस मामले में 500 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया गया. एजेंसी के मुताबिक, कोल्हापुर के जिला कलेक्टर ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के शासनकाल के दौरान मराठा साम्राज्य के सबसे अहम किलों में से एक मध्यकालीन युग की संरचना से सोमवार को 70 अतिक्रमण हटाए गए.

विशालगड किला हिंसा मामले मे पुलिस ने चार अलग-अलग तरह के अपराध दर्ज किए हैं, जिसमें 400 से 500 संदिग्धों को शामिल किया गया है. 21 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है.

रविवार को हिंसा उसक वक्त भड़क उठी, जब पुणे से आए मराठा राजघराने के पूर्व सांसद संभाजीराजे छत्रपति के नेतृत्व में कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं को किले के निचले हिस्से में रोक दिया गया. एक अधिकारी ने कहा, ₹कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किले में तैनात पुलिसकर्मी घायल हो गए, क्योंकि दक्षिणपंथी संगठन के विरोध प्रदर्शन के बाद उपद्रवियों ने पत्थर फेंके और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया. हमें आगजनी की खबरें मिली हैं. कलेक्टर ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान सोमवार को रेवेन्यू और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलाया गया. बता दें कि रविवार को मार्च का नेतृत्व करने वाले छत्रपति संभाजीराजे ने मांग की थी कि अवैध कब्जाधारियों की जाति और धर्म की परवाह किए बिना सभी अतिक्रमणों को हटाया जाए.

### सूबे की सरकार पर विपक्ष हमलावर

इस बीच, हिंसा ने विपक्ष को शिवसेना के नेतृत्व वाली महायुति सरकार पर निशाना साधने का मौका दे दिया. विपक्ष ने निशाना साधते हुए कहा कि क्या राज्य में ₹जंगल राज₹ कायम हो गया है. राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि मराठा शाही संभाजीराजे छत्रपति पर भी किले तक मार्च का नेतृत्व करने के लिए मामला दर्ज किया गया है.

### इतिहास के नजरिए से अहम है किला

यह किला मराठा इतिहास में काफी अहमियत रखता है, क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज 1660 में पन्हाला किले पर घेरे जाने के बाद यहां पहुंचे थे. 1844 में, विशालगढ़ पर कोल्हापुर राज्य का शासन था, जब एक ब्राह्मण शासक के खिलाफ विद्रोह हुआ था, जब सिंहासन का स्वाभाविक उत्तराधिकारी नाबालिग था. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निकेश खाटमोड़े पाटील ने बताया कि किला विशालगढ़ के पास अतिक्रमण हटाने करने का काम प्रशासन ने शुरु किया. विशालगढ़ किले पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में लंबित अदालती मामलों के संबंध में सरकारी अटॉर्नी जनरल, बॉम्बे हाई कोर्ट की राय मांगी गई थी. 15 जुलाई 2024 को प्राप्त उस फीडबैक में कहा गया है कि उन याचिकाकर्ताओं को छोड़कर अन्य अतिक्रमण हटाए जा सकते हैं, जिनके पास हाई कोर्ट और अन्य अदालतों में स्थगन आदेश हैं. संबंधित फीडबैक मिलते ही प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया.



जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज सानप के पुत्र धनुष सानप ने भारतीय नौ सेना के सब लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति हुए।

# चोर ने चोरी का सामान लौटाया

**नेरल.** चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां चोरी करने के बाद जब एक चोर को पता चला कि उसने एक प्रसिद्ध कवि के घर से समाना चुराया है तो उसने कीमती सामान लौटा दिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि चोर ने रायगढ़ जिले के नेरल में स्थित नारायण सुर्वे के घर से LED समेत कीमती सामान चुराया था। नारायण सुर्वे प्रसिद्ध मराठी कवि और सामाजिक कार्यकर्ता थे।

सुर्वे के निधन के बाद से उनकी बेटी सुजाता और उनके पति गणेश घारे अब इस घर में रहते हैं। हाल में वे अपने बेटे के पास विरार गए थे और उनका घर 10 दिनों से बंद था। उनकी गैर-मौजूदगी में चोर घर में घुसा और LED टीवी समेत कीमती सामान चुराकर ले गया।

अगले दिन चोर जब कुछ और सामान चुराने आया तो उसने एक कमरे में नारायण सुर्वे की तस्वीर और उनसे जुड़ी यादगार चीजें देखीं। तब चोर को पता चला कि यह मशहूर कवि का घर है। इसके बाद चोर को पछतावा हुआ और उसने जो भी सामान उठाया था, उसे वापस रख दिया।

चोर ने दीवार पर एक छोटा सा नोट चिपका दिया, जिसमें उसने महान साहित्यकार के घर से चोरी करने के लिए मालिक से माफी मांगी। नेरल थाने के पुलिस इंस्पेक्टर शिवाजी धवले ने बताया कि सुजाता और उनके पति जब रविवार (14 जुलाई) को विरार से घर लौटे तो उन्हें यह नोट मिला।

हिट-एंड-रन केस

## आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**मुंबई.** मुंबई की कोर्ट हिट-एंड-रन केस के आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले मिहिर को सात दिन तक पुलिस कस्टडी में रखा गया था। मिहिर को पुलिस ने घटना के तीसरे दिन, करीब 60 घंटे बाद 9 जुलाई को गिरफ्तार किया था। मिहिर 7 जुलाई को BMW से कावेरी नखवा नाम की महिला को कुचलने के बाद से फरार था।

सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद मिहिर ने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया। उन्होंने ही उसे भागने के लिए कहा था। इसके बाद मिहिर ने BMW कार और ड्राइवर को बांद्रा के कला नगर के पास छोड़ा। पकड़े न जाने के लिए उसने कार की नंबर प्लेट हटाई।

कार छोड़ने के बाद वह रिक्शा लेकर गोरेगांव में अपनी गर्लफ्रेंड के घर गया। एक्सीडेंट से गर्लफ्रेंड के घर पहुंचने तक मिहिर ने 40 बार गर्लफ्रेंड से फोन पर बात की। महिरि गर्लफ्रेंड के घर 2 घंटे रुका। इस दौरान गर्लफ्रेंड ने मिहिर की बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी।

# मनपा ने जब्त किए 250 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक



■ **दुकानदार पर 5 हजार रु. जुर्माना**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** प्रतिबंधित प्लास्टिक बंदी को लेकर शासन के निर्देशानुसार, मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने सिंगल युज प्रतिबंधित प्लास्टिक इस्तेमाल कर रहे व्यापारी व दुकानदारों पर दंडात्मक कार्रवाई हेतु स्वच्छता व आरोग्य विभाग को सख्त आदेश दिये है.स्वच्छता व आरोग्य विभाग उपायुक्त नैना ससाने के मार्गदर्शन में आरोग्य सहायक आयुक्त फैसल तातली व आरोग्य अधिकारी जेएम सोनवणे की टीम सहित ठेकेदार रेयान इंटरप्राइजेस कंपनी के कर्मचारियों ने सिंगल युज प्लास्टिक इस्तेमाल कर रहे दुकानदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई शुरू की है. संतोष वाघ की अगुवाई में टीम ने प्रभाग समिति क्रमांक 5 स्थित एरिया में एक दुकान पर छापामार कर 250 किलो प्लास्टिक जब्त करते हुए दुकानदार से 5,000 रूपये का आर्थिक दंड वसूल किया है.मनपा की कार्रवाई से प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रेताओं की नींद उड़ गई है.

# गड्ढों की दुरुस्ती एवं शहर स्वच्छता पर ध्यान दें आयुक्त

■ **भाजपा विधायक महेश चौगुले ने की प्रशासक वैद्य से मांग**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भारी बरसात की वजह से सड़कों पर हुए गड्ढों की दुरुस्ती जल्द किए जाने एवम शहर स्वच्छता, जलजमाव जैसे नागरिकों की सुविधा के ज्वलंत मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक महेश चौगुले ने मनपा प्रशासक अजय वैद्य से एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की.उक्त अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एड.प्रेषित जयवंत,रवि सावंत, संतोष पालकर, विधायक प्रतिनिधि प्रसाद लाड आदि उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि,बरसात के दौरान सड़कों पर हुए तमाम गड्ढों एवम शहर स्वच्छता,जलजमाव जैसे नागरिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक महेश चौगुले की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य से मुलाकात कर नागरिकों को हो रही तकलीफ की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया.विधायक चौगुले ने मनपा प्रशासक वैद्य को बताया कि, शहर की अधिसंख्य सड़कें गड्ढों से भर गई हैं. गड्ढों में गिरकर लोग घायल हो रहे हैं.गड्ढों में गिरने से जानलेवा हादसे घटित हो रहे हैं.शहर में साफ सफाई भी ठीक से नहीं होने से सड़कों के किनारे,गलियों एवम रहिवासी, पावरलूम क्षेत्रों में कचरा पड़ा हुआ बिजबिजा रहा है जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है. भिवंडी में गंदगी की वजह से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है.सड़कों पर हुए गड्ढों की वजह से शहर में ट्रैफिक जाम होने से लोगों को पैदल चलना भी कठिन हो गया है. उन्होंने बरसात में सबसे अधिक जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों महाडा कालोनी, काकू बाई चाल, ईदगाह एरिया रोड,गायत्री नगर,घूंघट नगर आदि रहिवासी एरिया की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि, बारिश के दौरान होने वाले जलजमाव से लोगों का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है.

मनपा प्रशासन को जलजमाव से पीड़ित गरीब परिवारों को आर्थिक मुवावजा जरूर देना चाहिए. मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने विधायक महेश चौगुले को भरोसा दिया कि, नागरिकों की सुविधा के लिए मनपा गंभीरता से कार्य कर रही है. शहर स्वच्छता पर खासा ध्यान दिया जा रहा है.भारी बरसात की वजह से सभी सड़कों एवम फ्लाईओवर पर भी गड्ढे हुए हैं. आगामी दिनों में बरसात कम होते ही तमाम गड्ढों की दुरुस्ती पुख्ता तरीके से मजबूत सामग्री से की जाएगी.

# टोरेंट पावर द्वारा विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण जागरूकता



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** टोरेंट पावर द्वारा बी.बी.पाटिल इंग्लिश हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, कुरुंद गाव, पडघा में 'विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण' पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया. जागरूकता सत्र में शिक्षकों और स्कूल प्रिंसिपल के साथ करीब 100 छात्रों ने भाग लिया. स्कूल में इन सत्रों को आयोजित करने का टोरेंट पावर का उद्देश्य जीवन के प्रारंभिक चरण में बच्चों में विद्युत सुरक्षा की आदतें विकसित करना है. छात्रों के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए सत्र के दौरान एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को सम्मानित किया गया. टोरेंट ने प्रत्येक छात्र को मराठी में एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए सांप-सीढ़ी का शैक्षिक खेल वितरित किया.

बी.बी. पाटिल इंग्लिश हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज संचालक मंडली ने विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के अभिनव दृष्टिकोण के लिए टोरेंट पावर लिमिटेड की सराहना की. जागरूकता सत्र में ठाणे सहायक विद्युत निरीक्षक केतन सुपेकर, प्राचार्य मोनिका संदीप मराडे, प्राचार्य एवम अनामिका राहुल विशे आदि मौजूद थे.

### कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम

टोरेंट पावर जन संपर्क अधिकारी चेतन बदियानी ने बताया कि,विद्युत विषयों की जरूरी जागरूकता की खातिर एनईएस इंग्लिश मीडियम स्कूल ब्राह्मण आली, आदर्श विद्यालय कुरुंद गांव पडघा, स्कॉलर्स इंग्लिश हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज नारपोली, अमजदिया हाई स्कूल गैबीनगर, स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल गैबी नगर और त्रिमूर्ति विद्या मंदिर स्कूल शील में आयोजित किए गए जा चुके हैं. टोरेंट पावर विभिन्न स्कूलों में ऐसे सत्र जारी रखेगी. जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं बिजली संबंधी तमाम सुरक्षात्मक उपाय का ज्ञान पाकर प्रफुल्लित दिखाई पड़े. शिक्षकों एवम अभिभावकों ने टोरेंट पावर द्वारा चलाए जा रहे बिजली सुरक्षा जागरिकता मिशन की प्रशंसा की है.

# SST कॉलेज की ओर से वृक्षदिंडी द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**उल्हासनगर.** 'ज्ञानोबा तुकाराम' का जाप करते हुए और 'वृक्षवल्ली आम्हा सोयरे वनचरी' कहते हुए एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में वृक्षदिंडी मे भाग लिया और एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

एसएसटी कॉलेज के संजीवनी सांस्कृतिक समिति, एनएसएस, ग्रीन क्लब और डीएलएलई विभागों ने अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने और समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर वृक्षदिंडी का आयोजन किया। दिंडी कॉलेज से निकलकर नेताजी चौक होते हुए व्हीनस चौक से वापस कॉलेज लौटी। इस दौरान ज्ञानोबा तुकाराम का जाप,संतों के अभंग के साथ-साथ वृक्षारोपण के विभिन्न संदेश देने वाली तख्तियां और नारे भी शामिल थे। साथ ही लेज़ीम और अभंग गाते हुए सभी छात्र और शिक्षक तल्लीन थे। भाग लेने वाले छात्रों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिंडी में भाग लेने से हमें महाराष्ट्र की वारकरी परंपरा और पंढरपुर के लिए निकलने वाली वारी का अनुभव हुआ, साथ ही पर्यावरण जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जागरूकता मिली।

इस वृक्षदिंडी मे विद्यार्थी और शिक्षको के साथ विठ्ठलवाडी पोलीस स्टेशन के असिस्टंट पोलीस इन्स्पेक्टर श्री सचिन गवळी, पोलीस हवालदार श्री दिनेश शिर्के, श्री चेतन खांडेकर के साथ उल्हासनगर महानगरपालिका पर्यावरण विभाग की प्रमुख श्रीमती विशाखा सावंत और वरिष्ठ लिपिक सयाजी घाटविसावे बडे उल्हास के साथ शामिल हुए।


इस वृक्षदिंडी का आयोजन एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी,आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी की परिकल्पना को महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, स्वयंसेवकों की कड़ी मेहनत से सफल बनाया।

### 10वीं व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का सत्कार समारोह

**ठाणे.** हर साल की तरह इस साल भी विधायक प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का सत्कार मनपा के स्व.काशीनाथ घाणेकर हाल में किया गया।प्रख्यात मानस वाचक भूपेश दवे ने विद्यार्थियों के विकास के लिए अपना विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों से उपहार, प्रमाण पत्र, ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# जी.एम.मोमिन कालेज स्टडी सेंटर के बी.ए. उत्कृष्ट परिणाम




**भिवंडी.** यशवंत राव चव्हाण महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी नाशिक द्वारा संचालित जी.एम. मोमिन वुमेंस कालेज स्टडी सेंटर,रईस हाईस्कूल कैंपस भिवंडी में जून 2024 में सम्पन्न हुई बी.ए.अंतिम वर्ष परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा आनलाइन घोषित कर दिया गया. जी.एम. कालेज स्टडी सेंटर से बी.ए.अंतिम वर्ष की परीक्षा में कुल 250 परीक्षार्थी सम्लित हुए थे. परीक्षा परिणाम के अनुसार कुल 213 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की.कुल परीक्षा परिणाम 85.20% रहा.बी.ए.अंतिम वर्ष परीक्षा में एक विद्यार्थी विशेष योग्यता के साथ, 197 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 15 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में सफल हुए.सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंसारी आयशा 75% अंक प्राप्त करके प्रथम,चौधरी हुमा बानो 73.42%अंक के साथ द्वितीय,मदू खोलूस मुखलिस 73.25% अंक के साथ तृतीय,शेख शीरीं नबी 73.17% प्रतिशत अंक के साथ चौथे, अंसारी सायमा 72.83% अंक के साथ पांचवें, अंसारी शाईश्ता मोहम्मद 72.75% अंक के साथ छठे,अंसारी रूबा अयूब 72.58% अंक के साथ सातवें, शेख सिफत रिजवान 72.42% अंक के साथ आठवें,खान जावेद अमीन और मोमिन अरशी 72.25%अंक के साथ नवें और शेख सुमैया शाहिद 72%अंक के साथ दसवें स्थान पर रहीं.विद्यार्थियों के सराहनीय सफलता पर के.एम.ई.सोसायटी अध्यक्ष अलमाज फकीह,सचिव दानियाल काजी,कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,प्राचार्य डॉ तबस्सुम शेख,रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य ज़ियाउर्रहमान अंसारी,इनचार्ज सफा आगा,संयोजक अब्दुल अज़ीज़ अंसारी एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने सफल छात्रों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## आम सूचना

मैं श्री ध्रुवचंद शालीग्राम चौहान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, आन प्लाट, एमआयडीसी रोड के सामने, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014006000) उक्त प्रॉपर्टी शालीग्राम चौहान के नाम पर है। शालीग्राम चौहान का 10.5.1979 को निधन हुआ, शुभांगीदेवी शालीग्राम चौहान का 25.12.2022 को निधन हुआ, रुपचंद शालीग्राम चौहान का 17.2.2014 को निधन हुआ, हरिश्चंद शालीग्राम चौहान का 4.6.2005 को निधन हुआ। श्रीमती छाया रुपचंद चौहान, श्रीमती सुनीता देवी हरिश्चंद चौहान व श्री प्रेमचंद शालीग्राम चौहान ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.7.2024 सी.नं. 3337/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री ध्रुवचंद शालीग्राम चौहान**

## आम सूचना

मैं श्रीमती सोनल महेश आंबेकर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, एमआयडीसी पानी टंकी रोड, शिवनेरी नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ022215300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कुंदा प्रशांत सालेकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.7.2024 सी.नं. 3326/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनल महेश आंबेकर**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099